दिन–रविवार दिनांक– 16 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में उद्योग की संभावनओं का पता लगाने के लिए आज जिले के बियाडा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री सिंह ने कहा कि बेगूसराय को टेक्सटाइल के क्षेत्र में बड़ा केन्द्र बनाने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बेगूसराय में सौ एकड़ क्षेत्र में वस्त्र उत्पादन और व्यापार को लेकर टेक्सटाइल हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बेहतरीन डिजाइन और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए निफ्ट के प्रशिक्षण केन्द्र की भी स्थापना की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहां एक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना पर भी काम शुरू किया जाएगा।

—————————————————————

राज्यापल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पटना के रविन्द्र भवन में मिलेट महोत्सव की शुरूआत की। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन मोटे अनाज को बढ़ावा देने और इसके प्रचार–प्रसार के लिए किया जा रहा है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि मोटे अनाज को इसके गुणों के कारण श्रीअन्न का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहतर होने के साथ–साथ किसानों के लिए काफी लाभदायक है। श्री आर्लेकर ने कहा कि श्रीअन्न के उत्पादन को लेकर बिहार में व्यापक संभावनाएं हैं। समारोह को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने भी संबोधित किया।

—————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद मन की बात का यह पहला एपिसोड होगा। श्रोता टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य–एक एक–सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम

से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या **माइ जीओवी ओपन फोरम** के माध्यम से भी अपने विचार ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। इससे जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, शेखुपरा, जमुई, सारण और नवादा के कुछ स्थानों पर आज भी लू की स्थिति बनी हुयी है। बक्सर, औरंगाबाद और रोहतास में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। कल भी भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के पहुंचने में चार दिन देरी की संभावना है। मौसम विभाग ने पहले सत्रह और अठारह जून तक मॉनसून के पहुंचने का पूर्वानुमान व्यक्त किया था। ताजा पूर्वानुमान में कहा गया है कि बीस जून तक मॉनसून उत्तर–पूर्वी भाग के पूर्णियां या किशनगंज के रास्ते प्रदेश में प्रवेश करेगा। इसके चलते उन्नीस जून को पूर्वी क्षेत्र में बादल छाये रहने और हल्की बारिश की संभावना है। इधर, अररिया और आस–पास के क्षेत्रों में आज सुबह तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने कहा है कि इस प्रकार की मॉनसून पूर्व बारिश पूर्णियां, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी और कटिहार जिले में आज और कल होने की संभावना है।

———————————————————————

कुवैत के एक बहुमंजिली इमारत में भीषण अग्नि दुर्घटना में मारे गये गोपालगंज के दोनों श्रमिकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कल दोनों श्रमिकों का शव लाया गया था। अग्नि दुर्घटना में पैंतालीस भारतीयों की मौत हो गयी थी। इधर, दोनों मृतकों शिवशंकर सिंह कुशवाहा और अनिल गिरि के शव गोपालगंज पहुंचते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीएम राहत कोष से दोनों मृतकों को दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————

आज गंगा दशहरा है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन पृथ्वी पर गंगा का अवतरण हुआ था। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि इस अवसर पर पटना, बेगूसराय के सिमरिया धाम, बक्सर, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया के विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं।

पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत उमानाथ गंगा घाट के निकट एक नाव के पलट जाने से नाव पर सवार पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। हादसे के समय नाव पर सत्रह लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार ये सभी गंगा दशहरा के अवसर पर स्नान के लिए नाव पर सवार होकर नदी के दूसरे छोर पर जा रहे थे। स्थानीय लोगों और नाविकों की मदद से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।